# टेक्नोलॉजी का सही दिशा में इस्तेमाल हो : सुबोध

**देहरादून(एसएनबी)।** राज्य स्थापना दिवस पर सुद्धोवाला स्थित वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रॉद्योगिकी विवि के ऑडिटोरियम में विकसित भारत 2047 विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन तकनीकी शिक्षामंत्री सुबोध उनियाल ने किया। इससे पहले मंत्री ने विवि परिसर में 10 करोड़ की लागत से 124 क्षमता वाले महिला छात्रावास और टाईप-3 के चार आवासों के भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। साथ ही उन्होंने पूर्व .में निर्माणाधीन विवि के शैक्षंणिक भवन को 27 जनवरी, 25 से पूर्व तैयार किए जाने के भी निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि विकसित भारत 2047 के सपनों को पूरा करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का सही दिशा में इस्तेमाल हो, इस पर ध्यान देने की भी जरुरत है। सम्मेलन में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, पूर्व कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विवि सुधारानी पांडे, पद्मश्री डा. बीकेएस संजय, भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जेएस नेगी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस महबूब अली व स्पेंडम ईसीजी ऑफ सनफॉक्स टेक्नोलॉजी के संस्थापक रजत जैन ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह, अधिकारी वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. विनय कुमार पटेल, डा. मनोज कुमार पांडा परिसर निदेशक महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, शिक्षक, छात्र व कर्मचारी मौजूद रहे।